## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज तीन दिवसीय दौरे पर आयेंगे झारखंड, आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में विकास योजनाओं की प्रगति की करेंगे समीक्षा।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज और कल विशेषज्ञों के साथ करेंगे बजट पूर्व चर्चा, तीन मार्च को विधानसभा में पेश होगा राज्य का बजट।
3. मुख्य सचिव ने कोल ब्लॉक को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, राज्य में आवंटित 34 कोयला ब्लॉक को शुरु करने में आ रही समस्याओं को दूर करने का दिया निर्देश।
4. राज्य सरकार ने झारखंड में भी युवा महोत्सव आयोजित करने का लिया फैसला, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने अधिकारियों को योजना तैयार करने का दिया निर्देश।
5. रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने ओडिसा को हराकर लगातार दर्ज की दूसरी जीत, गोलकीपर सविता प्लेयर ऑफ द मैच घोषित।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डा. एल मुरुगन आज झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के तुरंत बाद वे पश्चिमी सिंहभूम के लिए रवाना हो जायेंगे। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत वे आज जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे के दूसरे दिन यानी कल डॉ. मुरुगन जगन्नाथपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान– आईटीआई और केज फिशरीज–करंजिया का दौरा करेंगे। इसके बाद वे भारतीय इस्पात प्राधिकरण, सेल खदान का भी निरीक्षण करेंगे। दौरे के आखिरी दिन वे विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज और कल विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व चर्चा करेंगे। दो दिनों के इस कार्यक्रम में चार सत्र आयोजित किये जायेंगे। श्री किशोर ने बताया कि सरकार आगामी बजट के लिए विभागवार चर्चा करेगी। इस संगोष्ठी में जनता से मांगे सुझावों पर भी विचार किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट मुख्य रुप से स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर केन्द्रीत होगा। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से प्रारंभ होगा। 27 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में तीन मार्च को बजट पेश किया जायेगा।

*******************

केन्द्र सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप के आज नौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य देश में स्टार्टअप उद्यमों को बढावा देना तथा नवाचार और उद्यमिता के लिए अनुकूल, सुदृढ़ और समावेशी माहौल बनाना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्टार्ट अप इंडिया पहल के तहत भारत को रोजगार तलाशने वाले देश की जगह रोजगार सृजित करने वाला देश बनाने के लिए अनेक प्रयास किये गए हैं।

*******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने अधिकारियों को राज्य में आवंटित 34 कोल ब्लॉकों को शुरु करने में आ रही समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया है। कोल ब्लाक को लेकर रांची में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने रजहरा, तुबेद, बादम और मोइत्रा कोल ब्लॉक को एक सप्ताह में शुरु करने को कहा। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी ये कोल ब्लॉक शुरु होंगे, उतनी ही जल्दी उस इलाके में आर्थिक गतिविधियां शुरु होंगी।

*******************

राज्य सरकार ने झारखंड में भी युवा महोत्सव आयोजित करने का फैसला किया है। नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य

कुमार सोनू ने कहा कि राज्य में आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में प्रदेश भर के युवा भाग लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को युवा महोत्सव को लेकर योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 19 जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं— 1800—11—7800 पर भेजे जा सकते हैं। श्रोता नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी आप अपने विचार भेज सकते हैं। इस कड़ी के लिए कल तक सुझाव स्वीकार किए जाएंगे।

*******************

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य देखभाल के इन प्रयासों में एक पहल है— नेत्र कुंभ। इसके माध्यम से दृष्टि बाधित लोगों के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं।

*******************

गुमला जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आज विभिन्न प्रखण्डों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

*******************

रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने ओडिसा को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उधर, पुरुष हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने कल रात यूपी रुद्र को 5—3 से हरा दिया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्य सचिव द्वारा कोल ब्लॉक को लेकर आयोजित बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं— झारखंड में एक सप्ताह में शुरु होगें चार कोल ब्लॉक।

प्रभात खबर की सुर्खी है— एफडीआई में झारखंड देश में आठवें स्थान पर पहुंचा— पांच साल में 19 हजार तीन सौ बिरासी करोड़ रुपये का हुआ विदेशी पूंजी निवेश।

हिन्दुस्तान ने लिखा है— झारखंड में फरार नक्सलियों की संपति होगी जब्त।

दैनिक जागरण लिखता है— बेटियों ने दर्ज की वनडे में सबसे बड़ी जीत।

*******************